संपादकीय

जनता को करारा झटका

दुनिया भर में शेयर बाजार के जबरदस्त तरीके से लुढक़ने के सदमे के दरम्यान ही सरकार ने जनता को घरेलू गैस सिलेंडर में पचास रुपये का इजाफा कर करारा झटका दिया।

उपभोक्ताओं को इस वृद्धि के बाद प्रति सिलेंडर 853 या 879 रुपये देने होंगे जो अब तक क्रमश: दिल्ली में 803 रुपये या कोलकाता में 829 रुपये में मिल रहा था। उज्जवला योजना के तहत मिलने वाला 14.2 किग्रा. का सिलेंडर अब 553 रुपये में उपलब्ध होगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी के अनुसार, आगे इस मूल्य वृद्धि की समीक्षा की जाएगी। अमेरिका-चीन के बीच छिड़े व्यापार युद्ध के चलते अप्रैल, 2021 के बाद कच्चे तेल की कीमतें सबसे निचले स्तर पर हैं।

दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दुनिया के विभिन्न देशों पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ के बाद शेयर बाजार धड़ाम से गिरा है। निवेशकों में चीन समेत अन्य कई देशों के अमेरिका पर उल्टा नये टैरिफ की घोषणा से टैरिफ वॉर के गंभीर रूप लेने का डर बैठ गया है। इसका सीधा असर भारतीय बाजार पर भी दिखा है, जहां भय और अनिश्चितता के चलते बिकवाली की गहरी मार पड़ी। निवेशकों की घबराहट के बावजूद बाजार के गिरने का सिलसिला मंगलवार को थोड़ा थमता नजर आया।

मगर अंतरराष्ट्रीय बाजार के असर से घरेलू शेयर मार्केट का बचना नामुमकिन है। आर्थिक विशेषज्ञ इस ट्रेड वॉर को आर्थिक मंदी की आहट भी मान रहे हैं। बेरोजगारी और महंगाई की मार केवल भारतीय जनता ही नहीं झेल रही है, आम अमेरिकी भी खासा परेशान है। ट्रंप के निर्णयों के बाद अमेरिका में विरोध-प्रदर्शनों का दौर चालू हो चुका है। हालांकि अपने यहां आपसी असहमतियों से बिखरा विपक्ष इस मौके का लाभ लेने में कतई चूक रहा है।

पेट्रोल-डीजल के खुदरा मूल्य के न बढ़ने की दलीलों के बावजूद आम उपभोक्ता जल्द ही दाम बढ़ने को लेकर पूरी तरह आशंकित है। जैसे पूर्व में गैस सिलेंडर के दाम दस-दस रुपये बढ़ते रहे हैं। बड़ा तबका अपने सीमित बजट में आसानी से समन्वय कर लेता है। मगर पचास रुपये आम निम्न मध्यवर्गीय की जेब पर पड़पे वाली मामूली राशि नहीं कही जानी चाहिए। वह भले ही छोटा निवेशक न हो पर कंपनियों की आय और मुनाफे पर पड़ रहे ट्रेड वॉर के असर से भी आम नागरिक नहीं बचने वाला। क्योंकि इसके कारण बढ़ी महंगाई के चपेटे में समूची दुनिया आ सकती है। सरकार को तत्काल विचार करने की जरूरत है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इश्योरेंस को मिला 3.67 करोड़ रुपये का जीएसटी डिमांड नोटिस

मुंबई

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी को 3.67 करोड़ रुपये का गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) डिमांड नोटिस मिला है।

कंपनी ने आगे कहा कि यह नोटिस मुंबई के जीएसटी कमीश्नर (अपील) की ओर से दिया गया है।

यह नेटिस सर्विस टैक्स क्रेडिट पर विवाद से संबंधित है जिसे कंपनी ने 2017 में जीएसटी सिस्टम लागू होने पर कैरी फॉरवर्ड किया था।

कंपनी ने रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा, कंपनी को 17 अप्रैल को मुंबई के सीजीएसटी एवं सेंट्रल एक्साइज (अपील) कमीश्नर से एक आदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें टैक्स डिमांड को बरकरार रखा गया है।

इससे पहले, 2 जुलाई, 2024 को मुंबई में स्टेट गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (सीजीएसटी) विभाग ने एक आदेश पारित कर उस सर्विस टैक्स क्रेडिट के हिस्से को अस्वीकार कर दिया था, जिसे कंपनी ने 2017-18 वित्तीय वर्ष के दौरान जीएसटी फ्रेमवर्क में ट्रांसफर कर दिया था।

इसके बाद आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने जीएसटी कमीश्नर के पास अपील की। हालांकि, कंपनी को अब फिर से जीएसटी डिमांड नोटिस दे दिया गया है, जिसमें देनदारी के साथ जुर्माने की राशि भी शामिल है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इंश्योरेंस ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, कंपनी को 17 अप्रैल, 2025 को दोपहर 2.22 बजे, मुंबई के सीजीएसटी और सेंट्रल कस्टम कमीश्नर (अपील) से टैक्स डिमांड को बरकरार रखने का आदेश मिला है।

डिमांड नोटिस में 1.83 करोड़ रुपये की टैक्स देनदारी है, जबकि इतनी ही राशि का जुर्माना है, जिसके कारण कंपनी को 3.67 करोड़ रुपये टैक्स नोटिस दिया गया है।

कंपनी ने कहा, हम घोषणा करते हैं कि सेबी लिस्टिंग रेगुलेशनंस के रेगुलेशन 30(13) के अनुपालन में एनेक्सचर ए में दी गई जानकारी और विवरण हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य, सही और पूर्ण हैं।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने कहा कि वह आदेश को चुनौती देने की योजना बना रही है। कंपनी उचित अथॉरिटी के समक्ष उक्त आदेश के खिलाफ अपील दायर करेगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी में सरकार ने अब तक झुग्गीवासियों को वितरित किए 90 लाख घर

नई दिल्ली

सरकार द्वारा सोमवार को संसद में कहा गया कि 3 मार्च 2025 तक प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत शहरों में झुग्गी-झोपडिय़ों में रहने वाले लोगों को 90.60 लाख घर दिए गए हैं।

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तोखन साहू ने राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि पीएमएवाई-यू के तहत मंत्रालय द्वारा कुल 118.64 लाख मकानों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 112.46 लाख मकानों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और 3 मार्च 2025 तक 90.60 लाख मकान पूरे हो चुके हैं या लाभार्थियों को वितरित किए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि फंडिंग पैटर्न और कार्यान्वयन पद्धति में बदलाव किए बिना स्वीकृत घरों को पूरा करने के लिए योजना की अवधि 31 दिसंबर, 2025 तक बढ़ा दी गई है।

राज्य मंत्री ने कहा कि आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) 25 जून, 2015 से पीएमएवाई-यू के तहत केंद्रीय सहायता प्रदान करके राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता कर रहा है, जिससे देश भर में मलिन बस्तियों सहित शहरी क्षेत्रों में पक्के मकान उपलब्ध कराए जा सकें।

राज्य मंत्री साहू ने कहा कि पीएमएवाई-यू के कार्यान्वयन के नौ वर्षों के अनुभवों से सीख लेकर मंत्रालय ने इस योजना को नया रूप दिया है और एक करोड़ अतिरिक्त पात्र लाभार्थियों के लिए 1 सितंबर, 2024 से पीएमएवाई-यू 2.0 'सभी के लिए आवास' मिशन शुरू किया है।

राज्य मंत्री ने कहा कि अब तक 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए हैं और ऐसे राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को 6.77 लाख घरों की सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है।

सरकार के आंकड़ों के अनुसार, देश भर में 1.39 करोड़ परिवारों के कुल 6.54 करोड़ लोग झुग्गियों में रह रहे हैं।

झुग्गी-झोपडिय़ों में रहने वाले परिवारों का यह आंकड़ा 2011 में की गई अंतिम जनगणना पर आधारित है।

आउट होने के बाद फूट-फूटकर रोने लगे 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी

जयपुर। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 36वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 2 रन के मामूली अंतर से लखनऊ सुपर जायंट्स से हार का सामना करना पड़ा. अपने होम ग्राउंड सवाई मानसिंह, जयपुर स्टेडियम में हार के बावजूद राजस्थान रॉयल्स के 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपने डेब्यू मैच में चमक बिखेरी और पहली ही गेंद पर छक्का जडक़र आईपीएल में आगाज किया. हालांकि, आउट होने के बाद वो रोते हुए पवेलियन लौटते हुए नजर आए.

वैभव सूर्यवंशी लखनऊ के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में 20 गेंदों में 34 रन की मनोरंजक पारी खेलने के बाद अपनी आंखों से आंसू पोंछते हुए देखे गए. 14 वर्षीय वैभव को राजस्थान रॉयल्स द्वारा इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर अपनी टीम में शामिल किया गया था. लक्ष्य का पीछा करने के दौरान शानदार शुरुआत के बाद सूर्यवंशी अपना अर्धशतक पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहे थे. हालांकि, एडेन मार्कराम की गेंद पर वह स्टंप आउट हो गए. इसके बाद वह रोते हुए कैमरे में कैद हो गए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है.

राजस्थान रॉयल्स ने वैभव सूर्यवंशी को मेगा निलामी में 1.10 करोड़ रुपये में खरीदा था.

द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत के बीच अमेरिका दौरे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 20-25 अप्रैल के बीच अमेरिका दौरे पर रहेंगी, जहां वह कई बहुपक्षीय संवादों में भाग लेंगी। यह जानकारी वित्त मंत्रालय की ओर से दी गई।

वित्त मंत्री सीतारमण का यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है, जब भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं।

मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, अपने अमेरिका दौरे पर वित्त मंत्री सैन फ्रांसिस्को और वाशिंगटन डीसी जाएंगी।

सैन फ्रांसिस्को में, वित्त मंत्री सीतारमण स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन में 'विकसित भारत 2047 की नींव' विषय पर मुख्य भाषण देंगी, जिसके बाद एक फायरसाइड चैट सेशन होगा।

वित्त मंत्री निवेशकों के साथ एक गोलमेज बैठक के दौरान प्रमुख फंड मैनेजमेंट फर्मों के शीर्ष सीईओ के साथ बातचीत करेंगी, इसके अलावा सैन फ्रांसिस्को स्थित शीर्ष आईटी फर्मों के सीईओ के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी। मंत्रालय ने कहा कि वह सैन फ्रांसिस्को में भारतीय प्रवासियों से जुड़े एक कार्यक्रम में भी भाग लेंगी और वहां बसे भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगी।

वाशिंगटन डीसी में, वित्त मंत्री सीतारमण अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वसंतकालीन बैठकों, जी-20 वित्त मंत्रियों की दूसरी और केंद्रीय बैंक गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की बैठकों, विकास समिति के पूर्ण अधिवेशन, आईएमएफसी के पूर्ण अधिवेशन और जीएसडीआर बैठक में भाग लेंगी। इन बैठकों के साइडलाइन में वित्त मंत्री कई देशों के समकक्षों के साथ बैठक भी करेंगी, जिसमें अर्जेंटीना, बहरीन, जर्मनी, फ्रांस, लक्जमबर्ग, सऊदी अरब, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका का नाम शामिल है। इसके अलावा वित्त मंत्री 26-30 अप्रैल के बीच पेरू का दौरा करेंगी।

अपनी यात्रा के दौरान वित्त मंत्री पेरू के राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे और प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनजेन से मुलाकात करने के अलावा, पेरू के वित्त और अर्थव्यवस्था, रक्षा, ऊर्जा और खान मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। साथ ही, सीतारमण स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत कर सकती हैं।

लखनऊ ने रोमांचक मुकाबले में राजस्थान को 2 रनों से हराया, दूसरी बार 6 गेंद में 9 रन नहीं बना सकी द्रविड़ की टीम

जयपुर

इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे मैच में लखनऊ सुपर जॉयंट्स ने रोमांचक मैच में राजस्थान रॉयल्स को 2 रन से हरा दिया है. जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मैच में लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 180 रन बनाए, जिसके जवाब में राजस्थान की टीम 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 178 रन ही बना सकी.

ये मैच भी दिल्ली बनाम राजस्थान की तरह ही था, जहां राजस्थान को अंतिम ओवर में 9 रन चाहिए थे और उन्होंने उस मैच में 8 रन बनाए लेकिन मैच को सुपर ओवर में हार गए. आज के इस मैच में राजस्थान को आखिरी 6 गेंदों में 9 रनों की जरुरत थी, लेकिन वे सिर्फ 6 रन बना पाए.

इस जीत के साथ एलएसजी अब 8 मैचों में 5 जीत और 3 हार के साथ 10 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया है, जबकि राजस्थान 8 मैचों में सिर्फ चार अंकों के साथ आठवें स्थान पर है.

मैच की बात करें तो टॉस जीतकर एलएसजी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन पारी की शुरुआत में ही मिशेल मार्श (4), निकोलस पूरन (11) और ऋषभ पंत (3) के विकेट गंवा दिए और टीम का स्कोर 54/3 हो गया. हालांकि, एडेन मार्करम और आयुष बदोनी ने चौथे विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी की. जहां मार्करम ने 45 गेंदों पर 66 रनों की पारी खेली तो वहीं अनकैप्ड भारतीय बल्लेबाज बदोनी ने 50 रन बनाए.

अब्दुल समद ने आखिरी ओवर में 4 छक्के जडक़र एलएसजी के स्कोरबोर्ड को 180/5 तक पहुंचा दिया. उन्होंने 10 गेंदों पर 30 रन बनाए, जिसमें 4 छक्के शामिल थे. समद ने 20वें ओवर में संदीप शर्मा को 27 रन ठोक दिये.

181 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, राजस्थान ने यशवी जायसवाल (74) और वैभव सूर्यवंशी (34) की जोड़ी के रूप में शानदार शुरुआत की, जिन्होंने पहले विकेट के लिए 8.4 ओवर में 84 रन बनाए. जायसवाल ने 74 रनों की पारी के दौरान आरआर को लक्ष्य तक पहुंचाया और दूसरे छोर से रियान पराग का साथ मिला, जिन्होंने 39 रन बनाए.

राजस्थान को आखिरी तीन ओवरों में 24 रनों की जरूरत थी और उसके आठ विकेट बचे थे, लेकिन अवेश खान और प्रिंस यादव ने विपक्षी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया और मेजबान टीम आखिरकार 2 रनों से मैच हार गई. अवेश खान ने चार ओवरों में 37 रन देकर तीन विकेट चटकाए.

गुजरात टाइटन्स को लगा बड़ा झटका, कप्तान शुभमन गिल पर लगा भारी जुर्माना

नई दिल्ली

गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल पर शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 35वें मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर-रेट बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है. यह गुजरात टाइटन्स का इस सीजन का पहला ओवर-रेट अपराध था, इसलिए आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, गिल पर न्यूनतम 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया.

आईपीएल के मौजूदा सीजन में इससे पहले, दिल्ली कैपिटल्स के अक्षर पटेल, मुंबई इंडियंस के हार्दिक पांड्या, राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग और संजू सैमसन, और लखनऊ सुपर जायंट्स के ऋषभ पंत अन्य कप्तान थे जिन पर ओवर-रेट अपराधों के लिए जुर्माना लगाया गया था.

मैच की बात करें तो, जोस बटलर ने सिर्फ 54 गेंदों पर नाबाद 97 रनों की पारी खेली. जिसकी मदद से गुजरात टाइटन्स ने अहमदाबाद में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 4 गेंद शेष रहते 204 रनों के लक्ष्य को हासिल किया. बटलर ने साई सुदर्शन के साथ 60 और शेरफेन रदरफोर्ड के साथ 119 रनों की साझेदारी की, जिससे जीटी ने आईपीएल में अपने इतिहास में पहली बार 200 से अधिक के स्कोर का सफलतापूर्वक पीछा किया.

इससे पहले गुजरात टाइटन्स को लंबे कद के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 4 ओवर में 41 रन देकर 4 विकेट चटकाए, जबकि मोहम्मद सिराज, अरशद खान, इशांत शर्मा और आर. साई किशोर ने 1-1 विकेट लिया. दिल्ली कैपिटल्स की ओर से कप्तान अक्षर पटेल (39) टॉप स्कोरर रहे. आशुतोष शर्मा ने आखिरी में 37 रनों की पारी खेलकर स्कोर को 200 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई.

इस हार के साथ दिल्ली कैपिटल्स अब अब प्वाइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर आ गई है, क्योंकि गुजरात टाइटन्स का नेट रन रेट बेहतर है. आईपीएल 2022 की चैंपियन गुजरात अब 7 मैचों में 10 अंकों के साथ 2025 सीजन की शीर्ष पर पहुंच गई है. गुजरात अपने अगले मुकाबले में सोमवार शाम को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी.

आज का राशिफल

मेष : आज का दिन बहुत बढिय़ा रहेगा। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाईयों कों छुएंगे। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आपको धार्मिक जगहों पर घूमने का मौका मिलेगा।

वृष : आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेंगी। आप अपना नया व्यापार शुरू करेंगे, आप काम पूरे मन से करेंगे। आज नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन : आज का दिन सुखमय रहेगा। आप में साहस बढ़ेगा और साहसपूर्ण काम करने में सक्षम रहेंगे। आपको गृह भूमि का लाभ मिलेगा। प्रभावशाली काम को करने का अवसर मिलेगा। जिंदगी में नया कदम उठाने का अवसर मिलेगा।

कर्क : आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी चल रही समस्याओं से राहत मिलेगी और आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे।

सिंह : आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आप एक नई दिशा में अपना काम करेंगे। नया वाहन खरीदने का विचार दोस्तों से करेंगे, आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके अन्न-धन में बढ़ोतरी होगी।

कन्या : राशि आज आपका दिन खुशियां लाएगा। आप घर पर लोगों के साथ अपना मत रखेंगे, लोग आपकी बातों से सहमत होंगे। संतान के स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा।

तुला : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियां बढ़ेगी। आज आपको सामाजिक स्तर पर लोगों की मदद के लिए मौका मिल सकता है।

वृश्चिक : आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आज किसी भी मामले को गुस्से की बजाए शांति से सुलझाएं।

धनु : आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखाएगा। पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी।

मकर : आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीकों पर विचार करेंगे।

कुंभ : राशि आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जाएगा।

मीन : आज का दिन बढिय़ा रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। आज लवमेट लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे, एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज ऑफिशियल यात्रा करना आपकी तरक्की में सहायक होगा।

एक्शन, कॉमेडी, रोमांस के साथ रेट्रो का ट्रेलर आउट, 80 के दशक के लुक में छाए सूर्या, दुश्मन से दो-दो हाथ करते दिखे अभिनेता

साउथ सुपरस्टार सूर्या-पूजा हेगड़े की आगामी तमिल रोमांटिक एक्शन फिल्म रेट्रो सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. मेकर्स ने फिल्म का ऑफिशियल ट्रेलर जारी किया है, जो काफी दमदार है. ट्रेलर ने फिल्म को लेकर फैंस की उत्साह बढ़ा दी है.

रेट्रो सूर्या और फिल्म मेकर कार्तिक सुब्बाराज के बीच पहला कोलैबोरेशन है. इस प्रोजेक्ट का अनाउंसमेंट पिछले साल मार्च में किया गया था, जिसका वर्किंग टाइटल सूर्या 44 था, साथ ही टैगलाइन थी लव, लाफ्टर, वॉर. लेकिन दिसंबर 2024 में मेकर्स ने फिल्म का फाइनल टाइटल का खुलासा किया है और नाम दिया रेट्रो.

फिल्म के अनाउंसमेंट के एक साल बाद मेकर्स ने रेट्रो का धांसू ट्रेलर जारी किया है. इसे तीन भाषाओं, तमिल, तेलुगु और हिंदी में जारी किया गया है. फिल्म मेकर कार्तिक सुब्बाराज ने अपने ऑफिशियल एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर तीनों भाषाओं में फिल्म का ट्रेलर जारी किया है.

ट्रेलर की शुरुआत में हम देखते हैं कि एक आदमी हिरण बिरयानी के बारे में बात करता है, फिर उसके बाद कई किरदारों के बीच इंटरकट होता है. इस बीच सभी एक्टर को बहुत ही अनोखे तरीके से दिखाया गया है.

काजोल की नई फिल्म मां का ऐलान, रिलीज तारीख से भी उठ गया पर्दा

काजोल की आगामी फिल्म 'मां' का पहला पोस्टर जारी करते हुए निर्माताओं ने इसके रिलीज की घोषणा कर दी है। 'शैतान' के बाद देवगन फिल्म्स एक और पौराणिक हॉरर फिल्म लेकर आ रही है। सामने आए पोस्टर में अभिनेत्री का शक्तिशाली रूप देखने को मिल रहा है।

काजोल इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगी। विशाल फुरिया द्वारा निर्देशित और साईविन क्वाड्रास द्वारा लिखित, 'मां' अच्छाई और बुराई के बीच लड़ाई पर आधारित है। काजोल की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'मां' 27 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगु और बंगाली सहित कई भाषाओं में रिलीज की जाएगी।

एक्शन के साथ फैमिली एंगल, सामने आई जाट 2 की कहानी, सनी देओल की दिखेगी इमोशनल स्टोरी

सनी देओल ने अपनी टॉलीवुड डेब्यू फिल्म जाट से बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया है. नॉर्थ के बाद अब पूरा साउथ उनके ढाई के किलो के हाथ की पावर देख रहा है. जाट एक मास एक्शन फिल्म है, जिसमें सनी का साउथ सिनेमा के एक्शन वाला स्वैग देखने को मिल रहा है. बीती 10 अप्रैल को रिलीज हुई फिल्म जाट ने 11 करोड़ रुपये से भी ज्यादा से ओपनिंग की थी. वहीं, फिल्म अपने दो हफ्ते पूरे करने जा रही हैं. इससे पहले फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ता पूरा होने के दौरान इसके सीक्वल जाट 2 का एलान कर दिया गया था. अब सनी के फैंस को जाट 2 का इंतजार है. इस बीच फिल्म के डायरेक्टर गोपिचंद मलिनेनी ने जाट 2 की कहानी से पर्दा हटाया है.

जाट में फिलहाल सनी देओल को एक्शन करते और विलेन रणदीप हुड्डा संग दो-दो हाथ करते देखा जा रहा है. अब कहा जा रहा है कि गोपिचंद मलिनेनी की जाट 2 में एक्शन के साथ-साथ फैमिली एंगल को भी जोड़ा जाएगा, जिसमें जाट सनी का फैमिली बैकग्राउंड और उनके बीच इमोशंस को देखा जाएगा, जो दर्शकों को और भी आकर्षित करेगी. डायरेक्टर ने यह भी बताया कि जब वह जाट पर काम कर रहे थे, तो उनके दिमाग में कुछ चल रहा था और जिसे उन्होंने लिखकर रख लिया है. डायरेक्टर ने यह भी कहा कि यह तय है कि जाट से बड़ी जाट 2 होगी.

बता दें, जाट 2 में सनी देओल के साथ कौन-कौन स्टार नजर आने वाला है, इसे लेकर भी दर्शकों में बेचैनी हो रही है. फिलहाल जाट के कलेक्शन की बात करें तो इसने पहले हफ्ते 84.76 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन (वर्ल्डवाइड) कर लिया है. सैकनिल्क के अनुसार, जाट ने 9वें दिन 4 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है और फिल्म का कुल घरेलू कलेक्शन 65.87 करोड़ रुपये हो चुका है.

शब्द सामर्थ्य- 24

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 023 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

सू-दोकू- 24

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड रहता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.023 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1